कॉलम ऑन इन्वेस्टमेंट

▪ मणिकरन सिंघल

इन्वेस्टमेंट प्लानिंग में जोखिम पर नजर जरूरी

कई बार निवेश में सुरक्षा के मद्देनजर हम पोर्टफोलियो के जोखिम को नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन एक अच्छा पोर्टफोलियो टैक्स और कॉस्ट इफेक्टिव होने के साथ-साथ जोखिम का भी बेहतर प्रबंधन करता है। इसके जरिये कीमतों में आने वाले उतार-चढ़ाव को कम कर करीबी और लंबी अवधि के लक्ष्य आसानी से हासिल किए जा सकते हैं। यहां उन बातों का जिक्र जिनसे जोखिम का बेहतर प्रबंधन कर अच्छा रिटर्न देने वाला पोर्टफोलियो बनाया जा सकता है...

1. खुद को समझें : किसी भी इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो को बनाते समय सबसे पहले खुद को समझें। अपनी रिस्क प्रोफाइल की समझ जरूरी है। यानी लक्ष्य पाने के लिए निवेश में आने वाले उतार-चढ़ाव से जुड़े जोखिम का अंदाजा लगाना जरूरी है। इसे समझने के लिए इंटरनेट पर मौजूद टूल्स की मदद ली जा सकती है। बेहतर रहेगा आप अपने जीवनसाथी और अन्य भागीदारों के लिए भी रिस्क प्रोफाइल बनाएं।

2. खुद को शिक्षित करें : बाजार में उपलब्ध प्रोडक्ट्स के बारे में जानकारी जुटाएं। इससे आप हर विषय में भले विस्तार से न जान पाएं, लेकिन ताजा घटनाक्रम से खुद को अपडेट रख सकेंगे। किसी वित्तीय सलाहकार की सेवा भी ले सकते हैं। वह आपको तकनीकी जानकारी देगा। अपने सलाहकार से भी सवाल पूछते रहें। फाइनेंशियल ब्लॉग के सदस्य बनें। मैगजीन खरीदें। इन सबको देखने के लिए हर हफ्ते कुछ वक्त निकालें।

3. एसेट एलोकेशन : कहा जाता है सभी अंडे एक बॉस्केट में न रखें। फूटने का खतरा रहता है। इसी तरह अपने पूरे निवेश को एक एसेट क्लास में नहीं लगाना चाहिए। इक्विटी, डेट, गोल्ड और रियल एस्टेट जैसी विभिन्न एसेट क्लास को समझें। लक्ष्य और रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखकर निवेश को एसेट क्लास में बांटे। पोर्टफोलियो को संतुलित रखने के लिए हर साल एसेट एलोकेशन की समीक्षा भी करें।

4. डाइवर्सिफिकेशन : डाइवर्सिफिकेशन से निवेश एक एसेट क्लास के भीतर विभिन्न क्षेत्रों में लगाने में मदद मिलती है। पोर्टफोलियो डाइवर्सिफाइड होना चाहिए, लेकिन बहुत ज्यादा भी नहीं। मसलन, एफडी अलग-अलग बैंकों से लें। उनका मैच्योरिटी पीरिएड अलग-अलग हो। म्यूचुअल फंड्स में निवेश को फंड मैनेजर्स, असेट मैनेजमेंट कंपनी, लार्ज-मिड-स्मॉल कैप, विभिन्न सेक्टरों में डाइवर्सिफाई करें। डेट में निवेश को छोटी या लंबी अवधि की सिक्यूरिटीज में और रियल एस्टेट में निवेश को रेसिडेंशियल और कमर्शियल प्रॉपर्टीज में डाइवर्सिफाइ करें।

इन सबके अलावा अपने इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो में लिक्विडिटी पर भी ध्यान देना चाहिए। अच्छी तरह एलोकेटेड और डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो संपत्ति बढ़ाने की कुंजी है। इससे जोखिम का भी बेहतर प्रबंधन होता है।

-लेखक सर्टिफाइड फाइनेंशियल प्लानर हैं और द फाइनेंशियल प्लानर्स गिल्ड इंडिया के सदस्य हैं।

manikaran.singal@dainikbhaskargroup.com

शाम के भाव

एजेंसी. नई दिल्ली, 16 जनवरी : हाजिर (.999) 59450, **सोना (10 ग्राम)** : किलोबार (.950 टंच) 31125, स्टैन्डर्ड (.999 टंच) 31325, **खाद्य-अखाद्य तेल (टैक्सपेड डिली/10 किलो):** सरसों एक्सपैलर 825, बिनौला 620, चावल तेल खाद्य 555, राइसब्रान (15-एफएफए) कानपुर 525, एसिड ऑयल 430/435, सीपीओ एक्स कांदला 434, **ग्वार (क्विं.):** अहमदाबाद 11500/12000, जोधपुर 12000/12200, **गम (क्विं):** अहमदाबाद 37000/37500, जोधपुर 37000/37500, **चूरी (75 किलो):** अहमदाबाद 1450/1475, जोधपुर 1475/1500₹

फैसला | ईपीएफओ अप्रैल से ऑनलाइन करेगा डिफॉल्टरों की सूची

पीएफ डिफॉल्टर इम्पलॉयर अब होंगे जगजाहिर

लुधियाना, जालंधर व अमृतसर के 3701 इम्पलॉयर्स पर पीएफ के 27 करोड़ रुपए बकाया

अभिषेक श्रीवास्तव | लुधियाना

कर्मचारियों के भविष्य निधि खाते में अपने हिस्से का पैसा जमा न कराने वाले इम्पलॉयर के नाम अब जगजाहिर होंगे। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) कर्मचारियों के पीएफ का पैसा जमा न कराने वाले डिफॉल्टर इम्पलॉयर के नाम ऑनलाइन करने जा रहा है। ईपीएफओ का मानना है कि इससे एक तो कंपनी के कर्मचारियों को अपनी कंपनी का असली चेहरा पता चलेगा और दूसरा अपना नाम खराब होने के डर से यह कंपनियां समय पर पीएफ का पैसा जमा कराएंगी।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, लुधियाना रीजनल कार्यालय के रीजनरल कमिश्नर-2 राकेश यादव के मुताबिक लुधियाना रीजनल कार्यालय के अंतर्गत जालंधर और अमृतसर सब-रीजनल कार्यालय भी आते हैं। यहां तकरीबन 4116 कंपनियों ने पिछले तकरीबन 10 सालों से कर्मचारियों के पीएफ खाते में नियोक्ता अंशदान का भुगतान नहीं किया है। नियोक्ता अंशदान का यह हिस्सा 30 करोड़ 53 हजार रुपए बनता है। एक अगस्त से 30 नवंबर तक बकाया वसूली के लिए विभाग ने एक विशेष अभियान चलाया था, जिसमें विभाग ने 31 दिसंबर तक 4116 डिफॉल्टर कंपनियों में से 415 कंपनियों से दो करोड़ 27 लाख रुपए की वसूली कर ली है। अब 3701 कंपनियों पर 27 करोड़ 73 लाख 53 हजार रुपए बकाया अभी शेष है। इनमें से बहुत सी कंपनियां ऐसी हैं, जो बंद हो चुकी हैं।

पंजाब के बड़े डिफॉल्टर
- क्रिश्चियन मेडीकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, लुधियाना
- फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, लुधियाना
- थापको एग्रो मिल्स, लुधियाना
- बाबा शूज लिमिटेड, अमृतसर

आईआरएफसी का बांड इश्यू 21 को खुलेगा

नई दिल्ली में बुधवार को इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन लि. (आईआरएफसी) के प्रबंध निदेशक राजीव दत्त कंपनी के टैक्स फ्री बांड्स के पब्लिक इश्यू को जारी करते हुए। निवेश के लिए यह निर्गम 21 जनवरी को खुलेगा और 29 जनवरी को बंद होगा। कंपनी के इस बांड का कुल मूल्य 1,000 करोड़ रुपए होगा लेकिन अधिक आवेदन मिलने की स्थिति में कंपनी के पास 8,886.40 करोड़ रुपए तक अभिदान रखने का विकल्प उपलब्ध होगा।

टोयोटा फॉर्च्यूनर ने नया वैरिएंट बाजार में उतारा

नई दिल्ली | टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने बुधवार को एसयूवी फॉर्च्यूनर का नया वैरिएंट पेश किया है। पांच गियर ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन वाले इस वैरिएंट की कीमत 22.33 लाख से 22.93 लाख रुपए (एक्सशोरूम दिल्ली) के बीच है। टीकेएम के उप प्रबंध निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (विपणन एवं वाणिज्यिक) संदीप सिंह ने बताया कि सड़कों पर फॉर्च्यूनर की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए हमने पांच गियर एवं ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन वाला नया वैरिएंट पेश किया है। कंपनी ने फॉर्च्यूनर टीआरडी स्पोर्टिवो का उत्पादन नियमित रूप से शुरू करने का भी फैसला किया है। पिछले साल के अक्टूबर में इसके सीमित संस्करण बाजार में उतारे गए थे। उन्होंने बताया कि टीआरडी स्पोर्टिवो की बुकिंग 18 जनवरी 2013 से शुरू की जाएगी। टीआरडी स्पोर्टिवो संस्करण की दिल्ली में शोरूम कीमत 21.97 लाख रुपए रखी गई है।

हुंडई कारें फरवरी से 20 हजार महंगी

नई दिल्ली | हुंडई मोटर इंडिया एक फरवरी से अपने सभी वाहनों की कीमतें 20,000 रुपए तक बढ़ाने जा रही है। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एवं मार्केटिंग) राकेश श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। इस मूल्य वृद्धि में इओन से लेकर सांटा फे एसयूवी तक शामिल होंगी।

न्यूज इन बॉक्स

यस बैंक को 34 फीसदी मुनाफा

मुंबई | निजी क्षेत्र के यस बैंक ने दिसंबर में खत्म तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में बढ़ोतरी दर्ज की है। इस अवधि में बैंक के शुद्ध लाभ में 34.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और यह 342.31 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इस मुनाफे का श्रेय नेट इंट्रेस्ट मार्जिन (निम) में विस्तार और नॉन-इंट्रेस्ट इनकम ग्रोथ को जाता है। इस दौरान बैंक के निम में 36.7 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई और यह बढ़कर 584.30 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। जहां तक नॉन-इंट्रेस्ट रेवेन्यू की बात है तो इसमें पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 48.1 फीसदी इजाफा हुआ और यह दिसंबर में खत्म तिमाही में 313.3 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

बजाज ऑटो को रिकॉर्ड 818.74 करोड़ का लाभ

नई दिल्ली | घरेलू बाजार में जबरदस्त बिक्री और अन्य आय में इजाफे के चलते दिसंबर में खत्म तिमाही के दौरान बजाज ऑटो को जबरदस्त मुनाफा हुआ है। इस अवधि में कंपनी को 818.74 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी के शुद्ध लाभ में 2.96 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिसंबर में खत्म तिमाही के दौरान कंपनी की स्टैंडलोन नेट सेल्स 5,307.20 करोड़ रुपए रही।

मंडी गोबिंदगढ़

कच्चा माल इंगोट 32,800, मैल्टिंग स्क्रैप हैवी :29,300, पुराना स्क्रैप 27,100, एंगल कर्म 36,800, चैनल 37,400, हैवी चैनल 36,800, रैगल एंगल 36,200, तैयार माल (प्रतिटन) सरिया चकौर 33,300, भारतम आईएसआई टीएमटी12 एमएम 44,500 , ज्योति टीएमटी 12 एमएम टीएमटी सरिया 45,000 राज गार्डर 37,100₹

अलौह धातु

(किलो/कर अतिरिक्त): एंटीमनीः चीन 757, कैडमियमः रॉड 140, मैक्सिको 155, प्लेट 155, लैड (सीसा): इंगट विदेशी (ब्रोकोनिल) 146, एचजेडएल ×, देशी मुलायम 125, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 124, चार प्रतिशत 130, गन मैटल स्क्रैपः लोकल 334, मिक्स 336, जालंधर 342, ब्रास (पीतल): हनी 318, रेडिएटर देशी 254, रेडिएटर विदेशी 295, चादरी देशी 318, पुर्जा स्क्रैप 314, टिन (रांग): इंगट 1427, जिंक (जस्ता) : इंगट (पटरा) 143/145.50, ड्रास (ढीमा) 123, निकिल प्लेटः रसियन- (4×4) 1092, (9×9) 1097, (4×24) 1102, इंको (4×4) 1195, (4×24) 1210, कॉपर (तांबा): आरमेचर 464, पट 462, मिक्स्ड स्क्रैप 447, सुपर-डी रॉड 516, एल्यूमीनियमः सीजी इंगट 151, शीट कटिंग 140, वायर स्क्रैप 144, बर्तनफूट 125, पुर्जाफूट 114, रॉडः लोकल 154.50, कम्पनी 157.50₹

मार्केट डिजिट्स

बीएसई टॉप गेनर

इंडेक्स	बंद स्तर	अंतर (%में)
रिलायंस	860.40	1.72
डा.रेड्डी	1,926.05	1.43
टीसीएस लि..	1,348.10	1.03
एनटीपीसी लि.	156.05	0.19
गेल (इं.)	372.70	0.17

बीएसई टॉप लूजर

इंडेक्स	बंद स्तर	अंतर(%में)
हिंडाल्को	123.40	-4.38
मारुति सुजूकी	1,492.95	-3.43
टाटा मोटर्स	320.05	-3.24
जिंदल स्टील	429.45	-3.11
एमएंडएम	902.15	-2.95

मुद्रा बाजार

मुद्रा	क्रय	मुद्रा	क्रय
अमेरिकन डॉलर	54.69	कनेडियन डॉलर	55.54
पौंड स्टर्लिंग	87.40	सिंगापुर डॉलर	44.66
यूरो	72.60	आस्ट्रेलियन डॉलर	57.68

सराफा बाजार

	जालंधर	लुधियाना	अमृतसर
सोना स्टैंडर्ड प्रति दस ग्रा.(99.99 टंच)	31,160	31,250	30,970
स्वर्ण भठूर प्रति दस ग्रा.(99.50 टंच)	31,110	31,150	30,870
स्वर्ण आभूषण (23 कै.) प्रति दस ग्रा.	....	...,......	....,.....
स्वर्ण आभूषण (22 कै.) प्रति दस ग्रा.	29,600	29,400	29,300
गिन्नी(स्वर्ण) प्रति नग	24,700	23,600	26,500
चांदी (.999 टंच) प्रति कि.ग्रा.	59,000	59,500	61,000
सिक्का (चांदी) प्रति सैकड़ा	76,500	72,000	89,000

देसी घी

(कर अतिरिक्त) डेरियों के घी (टीन): परम प्रीमियम 4200, गोपालजी गोल्ड 4100, कैलाश 3850, कृष्णा 3840, पदमश्री 3870, राधा 4250, मधुसूदन 4200, वसुदेव 3750, पारस प्रीमियम 3780, श्रीधर 3850, मिल्कफूड 4200, लीलाधर 3850, मीरा प्रीमियम 3725, पक्के देशी घी: प्रताप 4750, पाल कचौरा 4750, ओम 4750, हवेली 4900₹

लोहा इस्पात

(प्रति टन/कर अतिरिक्त) सरियाः कामधेनुः (8 एमएम) 49400, (10) 47600, (12) 46400, (16-25) 47000, अम्बा शक्ति एफई-सीपी 500: (8 एमएम) 45200, (10) 43400, (12) 42400, (16-25) 42900, केवीएस (8 एमएम) 46000, (10) 45700, (12) 43200, (16-25) 43700, जे. जींदल सुपरः (8 एमएम) 47000, (10) 45300, (12) 44300, (16-25) 45100, टीएमटीः अम्बा शक्ति (8 एमएम) 44200, (10) 42400, (12) 41400, (16-25) 41900, केवीएस पावरकोन (12) 42900, कैपिटल एंगलः (50×5)(50×6) 41600, (40×5)(40×6) 42000, (35×5)(65×6) 42600, एमएस चैनलः (75×40)(100×50) 42900, एमएस फ्लैटः (50×5)(50×6) 42200, एमएस एंगलः (50×5)(50×6) 42200, (65×5)(65×6) 42900, गार्डर (ज्वाइस्ट): (150×75) 42000, (175×85) 42000, (200×100) 42000, (125×70) 42000, टी-आयरनः (40×5) (40×6)(50×6) 45000, प्लेटः (5-10 एमएम)(4 ×16 फुट) 40500, (12-20 एमएम) 40500, (31-36 एमएम) कोबल 40500, (36-40 एमएम) 40500, प्राइम 40500, (16-25 एमएम)(4×16 फुट) 40500, शीटः टाटा (8-10 गेज) 40500, (12) 40500, (14) 40500, (बोकारो): (8-10 गेज) 40500, (12) 40500, (14) 40500, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 41800, (साढ़े तीन इंच) 41800, (चार इंच) 41500, (पांच इंच) 41800, (छः इंच) 41800, स्क्रैपः पुरानी 28200, मिल हैवी 29200, शीट (हिमाचल) 29300, इंगटः भिवाड़ी 34200, गाजियाबाद 34300, मुजफ्फरनगर 34400, गोविन्दगढ़ 34500₹

अंडा भाव

पंजाब का भाव ₹ 363 प्रति सैकड़ा

सूचना